पूर्व–मध्य रेल

कार्यालय
महाप्रबंधक / कार्मिक
हाजीपुर

सं. ईसीआर / एच.आर.डी. / एम.पी.पी. / का. अधि. बैठक / 09 दि. 02.5.14

वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी
दानापुर, धनबाद, मुगलसराय, समस्तीपुर,सोनपुर
वरि. कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) / निर्माण
महेंद्रू घाट, पटना

कारखाना कार्मिक अधिकारी
प्लांट डिपो, मुगलसराय
समस्तीपुर कारखाना, समस्तीपुर

सहायक कार्मिक अधिकारी
कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत

विषयः– कर्मचारी शिकायतों का त्वरित निष्पादन

*****

रेल कर्मचारी की शिकायतों के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु यह निर्णय लिया गया है कि सभी मंडलो / यूनिटों के कर्मचारी अपनी शिकायतें एसएमएस द्वारा अपने क्षेत्र / बीट के कर्मचारी कल्याण निरीक्षक को प्रेषित करेंगे। संबंधित कल्याण निरीक्षक इन शिकायतों की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर निराकरण / निष्पादन सुनिश्चित कर कर्मचारी को वापस एसएमएस / फोन कर सूचित करेंगें।

इस हेतु कल्याण निरीक्षक अपने क्षेत्राधिकार में कार्यरत सभी कर्मचारियों के मोबाइल नंबर अपने पास सुरक्षित रखेंगें। कल्याण निरीक्षक अपने मोबाइल नंबर हर यूनिट / डिपो / स्टेशन कार्यालयों के सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करायेंगें।

इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि कर्मचारीगण शिकायत मुक्त वातावरण में पूर्ण मनोयोग से कार्य कर सकें।

सभी नियंत्रक कार्मिक अधिकारी समय–समय पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन कीं समीक्षा भी करें।

इस पर मुख्य कार्मिक अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

02.5.14

(सी.एस.आजाद)
सहा.कार्मिक अधिकारी / एम.पी.पी.
कृते महाप्रबंधक / कार्मिक

प्रतिलिपिः–

- वकाधि / औ.सं.व कल्याण : *सूचना व मुख्यालय कार्यालय में समान कार्रवाई हेतु*
- मुख्यालय के सभी कार्मिक अधिकारीगणः *सूचनार्थ*